
आज़ादी का
अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक
# सूचना पत्र

(दिनांक 13.12.2021 से 18.12.2021)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## बनारस प्रवास
(दिनांक 13.12.21)





**विषय– बनारस प्रवास।**


**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने माननीय प्रधानमंत्री जी के कर कमलों द्वारा होने जा रहे काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्‌घाटन समारोह में भाग लिया। इस दौरान BJP शासित सभी राज्यों के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री जी इस अवसर पर तीन दिनों के लिए उत्तरप्रदेश के प्रवास पर रहे। इस दौरान माननीय मुख्यमंत्री जी ने भगवान काशी विश्वनाथ के दर्शन किये और साथ ही गंगा आरती भी की।

मुख्यमंत्री जी ने वाराणसी की संध्या आरती के दृष्य को अद्भुत और विहंगम नजारा बताया। साथ ही खुद क्रूज से गंगा आरती के समय वीडियो बनाकर उसकी भव्यता भी दिखाई। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर प्रधानमंत्री जी के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। मुख्यमंत्री जी ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण पर कहा कि ‘‘माँ गंगा के तट पर बसी पौराणिक नगरी काशी युगों–युगों से हमारी सनातन संस्कृति, आध्यात्मिकता, प्राचीनता और परंपरा की संवाहक



# साप्ताहिक सूचना पत्र




रही है। भव्य व दिव्य काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण कर आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने धर्म परायणता का परिचय देते हुए एक ऐतिहासिक स्वर्णिम अध्याय रचा है"।
वाराणसी दौरे के दूसरे दिन माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में हुई मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में हिस्सा लिया। और हरियाणा सरकार की योजनाओं व नई पहलों से माननीय प्रधानमंत्री जी को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री परिषद में बीजेपी शासित राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा पात्र व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ पहुंचाने के लिए एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना परिवार पहचान पत्र को कार्यान्वित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति में खड़े परिवारों के उत्थान के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना शुरू की गई है। इसके तहत एक लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले परिवारों को चिन्हित किया गया है और यह सुनिष्चित किया जा रहा है कि कौशल प्रशिक्षण और रोजगार या स्वरोजगार स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करके ऐसे परिवारों की पारिवारिक आय को 1.80 लाख रुपये तक बढ़ाने के प्रयास किए जाएंगे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य में अंत्योदय ग्राम उत्थान मेलों का आयोजन किया जा रहा है और इस दौरान सभी लाभार्थियों को स्वरोजगार, मजदूरी, कौशल विकास आदि से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रदेश में 25 दिसंबर तक इन मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक परिवार को स्वावलंबी बनाना है और उन्हें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना एक मील का पत्थर साबित होगी।

अपने इस तीन दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन माननीय मुख्यमंत्री जी ने अयोध्या पहुँचकर राम मंदिर के दर्शन किये और आरती की। साथ ही श्री राम मंदिर निर्माण को भारत की जन जन की आस्था का केंद्र बताया और और इसके निर्माण के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद भी किया।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## विधानसभा सत्र

(दिनांक 17.12.21)



**विषय–विधानसभा सत्र।**

**प्रभाव:** आज हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र की शुरूआत हुई। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह सत्र 17 दिसम्बर से शुरु होकर 22 दिसम्बर तक चलेगा जिसमें जनता से जुड़े मुद्दे और विभिन्न बिलों पर चर्चा की जायेगी। सत्र की शुरूआत से एक दिन पूर्व 16 दिसम्बर को बिजनिस एडवाइजरी कमिटी की मीटिंग भी हुई जिसमें विधानसभा स्पीकर श्री ज्ञानचंद गुप्ता जी, उप मुख्यमंत्री श्री दुश्यंत चौटाला जी, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा जी,ग्रह एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री अनिल विज जी और मंत्री श्री कंवरपाल जी भी समिल्लित रहे जिसमें सत्र की रूप रेखा पर विचार किया गया।

विधानसभा सत्र के पहले दिन माननीय मुख्यमंत्री जी ने सदन में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए CDS विपिन रावत जी के साथ सभी वीर जवानों को श्रद्धाजंलि दी और 2 मिनट का मौन रखा। इसके बाद एक प्रश्न का जवाब देते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में वाटर लोगिंग और जमीन में सेम की समस्या से निपटने के लिए विस्तृत योजना बना ली गई है। इससे जुड़ा पोर्टल जनवरी महीने में लॉन्च किया जाएगा। दिसंबर महीने में इस योजना का स्वरूप सामने आ जाएगा। हरियाणा सरकार ने बड़े स्तर पर इस समस्या से निपटने की योजना बनाई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सेम या वाटर लोगिंग की समस्या प्रदेश के लिए नई नहीं है, इससे काफी जमीन प्रभावित है। करीब 4 से 5 लाख एकड़ जमीन में सेम व वाटर लोगिंग की समस्या है। प्रदेश सरकार ने सबसे पहले 1 लाख एकड़ जमीन से वाटर लोगिंग व सेम की समस्या से निपटने की योजना बना ली है। जनवरी महीने में पोर्टल के माध्यम से किसान आवेदन मांगे जाएंगे, जो किसान सबसे पहले रजिस्ट्रेशन करेंगा, वहां इस समस्या के समाधान के लिए काम शुरू किया जाएगा। पानी की निकासी पाईप, ड्रेन या वहां की मौजूदा परिस्थितियों के मुताबिक की जाएगी। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही शाम 6 बजे तक चली तत्पश्चात सदन की कार्यवाही सोमवार 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।